
# बजट होने के बाद भी काम में देरी पर होगी सख्त कार्रवाई : महाना

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा है बजट होने के बाद भी काम में देरी होने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक स्थानों में चल रहे कार्यों को हर हाल में जनवरी अंत तक पूरा कर लिया जाए।



महाना मंगलवार को विधान भवन स्थित सभागार में यूपी अवस्थापना विकास कोष से स्वीकृत परियोजनाओं व कार्यों की वित्तीय तथा भौतिक प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक आस्थानों में अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत किया जाए। इससे कार्यरत औद्योगिक इकाइयों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी और नए निवेशकों को भी आकर्षित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने अलीगढ़, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर तथा फिरोजाबाद के बकाया कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने औद्योगिक अस्थानों में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों तथा गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के काम तय समय में पूरा करने के निर्देश भी दिए। महाना ने बताया कि कन्नौज में परफ्यूम पार्क के लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। ऐसे में पार्क का विकास तेजी से सुनिश्चित किया जाए। ब्यूरो